संख्या-69/648/47-का-2014-24/17/2013

प्रेषक,

योगेश्वर राम मिश्र
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक
उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी
सेक्टर-डी, अलीगंज, लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनांक : 22 अप्रैल, 2014**

विषय- वित्तीय वर्ष 2014-15 के प्रथम चार माह के व्यय हेतु लेखानुदान द्वारा प्राविधानित बजट/ अनुदान अवमुक्त किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अपने प्रेषित पत्र संख्या-III-47-Voll.VII/1238, दिनांक 14.11.2013 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त के संबंध में आपसे यह कहने का मुझे निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2014-2015 के लेखानुदान से सम्बन्धित वित्त विभाग के व्योरेवार अनुमान सुसंगत उद्धरण संलग्न के अनुसार अनुदान संख्या-19 के लेखाशीर्षक (पूंजी लेखा)-4070-अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय-003-प्रशिक्षण-03-उ0प्र0 प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी-0302-डा0 राम मनोहर लोहिया राज्य प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी-24 वृहद निर्माण कार्य मद में रू0-50.00 करोड़ का अनुदान/ बजट प्राविधान किया गया है। लेखानुदान द्वारा प्राविधानित वजट/ अनुदान की वित्तीय स्वीकृति निर्गत करने के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा निर्गत कार्यालय-ज्ञाप संख्या-बी-1-795/दस-2014-231/2014, दिनांक 14.03.2014 की छायाप्रति सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है।

3- प्रस्तावित डा0 राम मनोहर लोहिया राज्य प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी की स्थापना के संदर्भ में उपरोक्तानुसार अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही हेतु कृपया अवगत होना चाहें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय

(योगेश्वर राम मिश्र)
विशेष सचिव।

संख्या-69/648(1)/47-का-2014-24/17/2013 तददिनांक-

प्रतिलिपि प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लि0, गोमती नगर, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक-यथोक्त।

आज्ञा से

(योगेश्वर राम मिश्र)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in